# मेवाड़ विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह पर संगोष्ठी

चित्तौड़गढ़, 5 फरवरी (कासं.)। मेवाड़ विश्वविद्यालय एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में थीम युवा शक्ति के माध्यम से परिवर्तन के अन्तर्गत राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

संगोष्ठी में मुख्य अतिथि अतिरिक्त जिला कलेक्टर मुकेश कलाल एवं विशिष्ट अतिथि प्रादेशिक परिवहन अधिकारी जगदीश प्रसाद बैरवा, जिला परिवहन अधिकारी अक्षय बिश्नोई, मोटर वाहन निरीक्षक ईश्वर कोदली एवं उपनिरीक्षक लावलीश टेलर रहे। संगोष्ठी के आरम्भ सत्र में विश्वविद्यालय के ओएसडी एच विधानी ने अतिथियों का स्वागत किया। अतिरिक्त जिला कलेक्टर मुकेश कलाल ने अपने सम्बोधन में कहा कि हमारे देश के युवाओं में असीम ऊर्जा हैं बस आवश्यकता उसे सही दिशा देने की हैं। उन्होंने युवाओं को संदेश दिया कि वाहन चलाते समय यातायात नियम की पालना करेए हेलमेट एवं सीट बेल्ट का उपयोग करे एवं वाहन चलाते समय फोन



पर बात न करे। उन्होंने विशाल संख्या में संगोष्ठी में उपस्थित वरिष्ठ अधिकारियों, प्राध्यापकों, छात्र-छात्राओं एवं समस्त स्टाफगण को सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित विभिन्न पहलुओं पर शपथ दिलाई। इसी क्रम में सात फरवरी को विश्वविद्यालय के प्रबंधन विभाग द्वारा क्विज कॉम्पिटिशन का आयोजन किया जाएगा, जिसमे प्रथम 3 विजेताओं को आरटीओ चित्तौड़गढ़ द्वारा प्रमाण पत्र वितरित किये जायेंगे।

Jannayak 06-02-2020

# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह पर संगोष्ठी



गंगरार। मेवाड़ विश्वविद्यालय एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में मुख्य अतिथि, अतिरिक्त जिला कलेक्टर मुकेश कलाल एवं विशिष्ट अतिथि प्रादेशिक परिवहन अधिकारी, जगदीश प्रसाद बैरवा, जिला परिवहन अधिकारी, अक्षय बिश्नोई, मोटर वाहन निरीक्षक ईश्वर कोदली एवं उपनिरीक्षक लावलीश टेलर रहे। अतिरिक्त जिला कलेक्टर मुकेश कलाल ने कहा कि हमारे देश के युवाओं में असीम ऊर्जा हैं बस आवश्यकता उसे सही दिशा देने की हैं । उन्होंने युवाओं से कहा कि वाहन चलाते समय यातायात नियम की पालना करे, हेलमेट एवं सीट बेल्ट का उपयोग करे एवं वाहन चलाते समय फोन पर बात न करे। उन्होंने सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित शपथ दिलाई।

Dainik Navajyoti 06-02-2020

# सड़क सुरक्षा के लिए नियम पालना की शपथ

## मेवाड़ विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह पर संगोष्ठी

Rajasthan Patrika, 06-02-2020

**चित्तौड़गढ़.** मेवाड़ विश्वविद्यालय एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में थीम युवा शक्ति के माध्यम से परिवर्तन के अन्तर्गत राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि अतिरिक्त जिला कलक्टर मुकेश कलाल एवं विशिष्ट अतिथि प्रादेशिक परिवहन अधिकारी जगदीश प्रसाद बैरवा, जिला परिवहन अधिकारी अक्षय बिश्नोई, मोटर वाहन निरीक्षक ईश्वर कोदली एवं उपनिरीक्षक लावलीश टेलर थे। विश्वविद्यालय के ओएसडी एच विधानी ने अतिथियों का स्वागत किया। अतिरिक्त कलक्टर कलाल ने कहा कि युवाओं में असीम ऊर्जा हैं बस आवश्यकता उसे सही दिशा देने की है। उन्होंने युवाओं को संदेश दिया कि वाहन चलाते समय यातायात नियम की पालना करं, हेलमेट एवं सीट बेल्ट का उपयोग करें एवं वाहन चलाते समय फोन पर बात न करे। उन्होंने सभी को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई। इसी के तहत विश्वविद्यालय के प्रबंधन विभाग द्वारा शुक्रवार को क्विज कॉम्पिटिशन का आयोजन किया जाएगा। इसमें प्रथम 3 विजेताओं को परिवहन विभाग द्वारा प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएंगे।

इधर, सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय के कार्मिकों ने दुकानदारों व आमजन से बात की और उन्हें व्यवस्थित रूप से गाड़ियां खड़ी करने और यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया।

CS Scanned with CamScanner